प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

11.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है सरकार।
- राष्ट्रीय एम्बुलैंस सेवा के तहत प्रदेश को मिली 26 नई एडवांस लाईफ सपोर्ट एम्बुलैंस।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–पेयजल और सिंचाई सुविधाओं के उन्नयन में निर्णायक कार्य कर रही है प्रदेश सरकार।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का दावा–मौसम में सुधार के बाद राज्य में सड़क बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने 35 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहल पी.एम. धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आत्मनिर्भरता और किसानों के कल्याण के लिए ये दो नई योजनाएं शुरू की गई हैं।

*प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और दूसरी दलहन आत्मनिर्भरता मिशन ये दो योजनाएं भारत के करोड़ों किसानों का भाग्य बदलने का काम करेगा। इन योजनाओं पर भारत सरकार करीब 35 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा खर्च करने वाली है। साथियों, खेती और किसानी हमेशा से हमारी विकास यात्रा का एक प्रमुख हिस्सा रही। बहुत जरूरी होता है कि बदलते समय के साथ खेती, किसानी को सरकार का सहयोग मिलता रहे।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन भावी पीढी को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है।

*आज से दलहन आत्मनिर्भरता मिशन भी शुरू हो रहा है। ये सिर्फ दाल उत्पादन बढ़ाने का मिशन नहीं है बल्कि हमारी भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने का भी अभियान है। बीते सालों में भारत के किसानों ने रिकॉर्ड खाद्य उत्पादन किया है। आज भारत दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत पशु धन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

जयराम

इस बीच नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज शुरू की गई पी.एम. धन–धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भर मिशन किसानों और देश की तस्वीर बदल देगा। जयराम ठाकुर ने इन योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया और कहा कि दलहन आत्मनिर्भर मिशन से हमारी भावी पीढ़ी सशक्त बनेगी। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य पथ परिवहन निगम के पैंशनरों के आंदोलन का भी समर्थन किया और आरोप लगाया कि व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश में व्यवस्थाओं को ही उलट–पलट कर दिया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयास कर रही है। इसके दृष्टिगत सरकार ने जहां दूध के दामों में एतिहासिक वृद्धि की है वहीं प्राकृतिक खेती से पैदा किए गए अनाज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। मुख्यमंत्री आज मण्डी जिला के करसोग में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए यहां मिल्क प्रौसेसिंग प्लांट 66 केवी सबस्टेशन, तिब्बन और पांगणा में सी.बी.एस.ई. स्कूल और 3 पटवार सर्कल खोलने की घोषणा की। उन्होंने इस दौरान एक सौ 32 करोड़ रूपए से अधिक की विकास योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किये।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर भाजपा नेताओं पर प्रदेश सरकार द्वारा अतिरिक्त कर्ज लेने के मामले में अड़चनें पैदा करने का आरोप लगाया।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार अब पूरे राज्य में एक जैसे पंचायत घर बना रही है। इनमें एक जैसा रंग टाईल छत्त और अन्य सामान लगाया जा रहा है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग से नए पंचायत घरों का डिजाईन बनाया गया है। अनिरूद्ध सिंह आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की बरमु केलटी पंचायत में पंचायत घर के उदघाटन अवसर पर बोल रहे थे। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि बीते 2 साल में सरकार ने एक सौ 25 पंचायत घर स्वीकृत किए हैं।

रजनी पाटिल

कांग्रेस के हिमाचल मामलों की प्रभारी व सांसद रजनी पाटिल ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आहवान किया है कि अपनी  जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएं। रजनी पाटिल आज शिमला जिला के ठियोग व नारकंडा में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठकों को सम्बोधित कर रही थीं। ठियोग

से विधायक व पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने इस मौके पर कहा कि ठियोग क्षेत्र के लोग कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़े हैं।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों में विश्व स्तरीय आधारभूत ढांचा सृजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आज शिमला में 26 नई एडवांस लाईफ स्पोर्ट एम्बुलेंस का राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा 108 में समायोजन और स्वास्थ्य विभाग व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के शुभारम्भ के मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र उनकी सरकार की प्राथमिकता है और इस क्षेत्र में लगातार बड़े बदलाव किए जा रहे हैं।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार पेयजल और सिंचाई सुविधाओं के उन्नयन में निर्णायक कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि हर घर को शुद्ध जल और हर खेत को पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिले। मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के पालकवाह में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनका हर कदम हरोली के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। उन्होंने इस मौके पर हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए 81 करोड़ रूपए की पेयजल और सिंचाई योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में मौसम में सुधार के बाद सड़क बहाली का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की मूलबरी देवनगर पंचायत में कुफरीधार–शनोल सड़क के शिलान्यास के मौके पर एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत किया जाएगा।

डीसी चम्बा

प्रदेश के चम्बा जिला में इस वर्ष मॉनसून के दौरान सरकारी और निजी सम्पत्ति को लगभग 8 सौ करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आज चम्बा में कहा कि सर्वाधिक 3 सौ 30 करोड़ रूपए का नुकसान लोक निर्माण विभाग को हुआ है जबकि ग्रामीण विकास विभाग को 3 सौ करोड़ और जल शक्ति विभाग को एक सौ 28 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है।

बैडमिंटन

राज्य स्तरीय अंडर–11 व अंडर–13 बैडमिंटन चैम्पियनशिप कल से शिमला में शुरू हो रही है। इस प्रतियोगिता का आयोजन हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन और शिमला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। शिमला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रशेखर तुर्की ने कहा कि इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ शिमला के विधायक हरीश जनारथा करेंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 12 जिलों से 2 सौ से अधिक लड़के व लड़कियां हिस्सा ले रहे हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है सरकार।
- राष्ट्रीय एम्बुलैंस सेवा के तहत प्रदेश को मिली 26 नई एडवांस लाईफ सपोर्ट एम्बुलैंस।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–पेयजल और सिंचाई सुविधाओं के उन्नयन में निर्णायक कार्य कर रही है प्रदेश सरकार।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का दावा–मौसम में सुधार के बाद राज्य में सड़क बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी।